हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 11 जून 2025



पुलिस कर्मियों ने लगाई मीठे पानी की छबील 11



सफाई कर्मचारियों ने थाली बजाकर किया प्रदर्शन 11

**खबर संक्षेप**

### साइबर फ्रॉड मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**झज्जर।** साइबर थाना की एक टीम द्वारा शेयर मार्किट में मुनाफा कमाने का लालच देकर ठगी करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सोमबीर कुमार ने बताया कि खेडी खुमार निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सोनू साहू निवासी राजस्थान के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### जाखोदा में 15 से 18 तक मनेगा श्याम महोत्सव

**बहादुरगढ़।** गांव जाखोदा के शिव मंदिर में बुधवार 18 जून को द्वितीय श्री श्याम महोत्सव, भक्ति मेला, निशान यात्रा व मंगल कलश यात्रा आयोजित की जाएगी। रविवार 15 जून को सुबह 8 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। श्री श्याम युवा मित्र मंडल एवं महिला मंडल जाखोदा द्वारा गांव के शिव मंदिर में आयोजित श्री श्याम वार्षिक महोत्सव में डिम्पी राम सहित कई प्रसिद्ध गायक श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे।

### दुकानदार ने भाई व बेटे पर केस दर्ज कराया

**बहादुरगढ़।** आसौदा थाना क्षेत्र के अधीन लगते एक गांव में दुकानदार व दो महिलाओं के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता व्यक्ति ने अपने ही बेटे व सगे भाई पर आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
शिकायतकर्ता हंसराज का कहना है कि उसने अपने गांव में किरयाणे की दुकान कर रखी है। शाम करीब छह बजे वह दुकान पर बैठा था। दुकान के अंदर से उसकी परिचित महिला ग्राहकों को सामान दे रही थी। तभी मेरा लड़का व भाई आए। उस महिला को लेकर उन्होंने मुझ से झगड़ा शुरू कर दिया। हाथापाई करने लगे। उसी समय पड़ोस की दो और महिलाएं आई। उनके साथ भी दोनों ने मारपीट की और कान के बाले तथा लोकेट निकालकर ले गए। मेरी गाड़ी तथा दुकान के शीशे तोड़ दिए। मुझे व महिला को जान से मारने की धमकी दी। आरोप कितने सही हैं, ये जांच का विषय है। मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा हुआ है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। जल्द खुलासा किसा जाएगा।

# मुख्यमंत्री आज जटेला धाम में पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे दो आईपीएस, सात एसीपी सहित जवान तैनात, ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

## उपायुक्त ने आश्रम में पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया, हेलीपैड, पार्किंग और अन्य व्यवस्थाएं देखी

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव माजरा( डी) स्थित स्वामी नितानंद महाराज के जटेला धाम आश्रम में बुधवार को सीएम नायब सिंह सैनी के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। इस बीच महंत राजेंद्र दास ने डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल के साथ धाम से जुड़ी जानकारी साझा की। डीसी ने सुरक्षा व्यवस्था के साथ कार्यक्रम स्थल, हेलीपेड व पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य पहलुओं पर जानकारी लेते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं और प्रबंध समय रहते पूरा करने को कहा। इस मौके पर डीसीपी लोगेश कुमार पी, डीसीपी बहादुरगढ़ मयंक मिश्रा, सीटीएम रविंद्र मलिक, एसडीएम अंकित कुमार चौकसे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



### सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद



**बेरी।** जिलाधीश स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बुधवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के माजरा (डी) गांव में स्थित जटेला धाम में प्रस्तावित आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को मद्देनजर रखते हुए आयोजन स्थल व आसपास के क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी लगा दी गई है। भारतीय सुरक्षा संहिता की धारा धारा 163 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किए हैं। यह पाबंदी हेलीपैड, आयोजन स्थल व आस-पास के 500 मीटर के दायरे में लागू रहेगी। यह आदेश मुख्यमंत्री के आगमन से चार घंटे पहले और एक घंटा बाद तक जारी रहेंगे। अगर कोई व्यक्ति उपरोक्त आदेशों के उल्लंघन में दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के प्रावधान के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## माजरा डी में कार्यक्रम स्थल की ओर जाने वाले रास्तों की नाकाबंदी मेटल डिटेक्टर से सुरक्षा जांच के बाद मिलेगा प्रवेश : पुलिस आयुक्त

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव माजरा डी स्थित जटेला धाम में सीएम नायब सिंह सैनी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए है। जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आगमन को लेकर सभी ड्यूटी इंचार्ज की मीटिंग ली।



मीटिंग के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के आगमन पर ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान अगर कोई लापरवाही बरतता है तो कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि माजरा डी में मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान आमजन को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े और यातायात व्यवस्था भी सुचारू रूप से चलती रहे, इसके लिए भी पुलिस प्रशासन द्वारा प्रयास किए गए है।

कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर दो आईपीएस अधिकारी, सात एसीपी सहित भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है।

### भारी वाहनों को रोकने के दिए निर्देश

इसके अलावा गांव माजरा डी में कार्यक्रम स्थल की ओर जाने वाले रास्तों पर नाकाबंदी की गई है ताकि किसी भी भारी वाहन को उस तरफ ना जाने दिया जाए। इसके अलावा पार्किंग व्यवस्था को बाधा रहित व दुरुस्त बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। सुरक्षा के मद्धेनजर प्रत्येक व्यक्ति को मेटल डिटेक्टर से सुरक्षा संबंधित जांच व तलाशी के उपरांत ही मुख्यमंत्री की जनसभा में प्रवेश करने दिया जाएगा। इस दौरान संदिग्ध लोगों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

## खंड समिति की बैठक में हंगामा, प्रधान बोलीं, कुछ पार्षद कर रहे राजनीति

# 27 में से 15 सदस्यों के विरोध के कारण पारित नहीं हो पाया एक भी प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

मंगलवार को बीडीपीओ कार्यालय में खंड समिति की बैठक आयोजित की गई। प्रधान वर्षा गौतम की अध्यक्षता में हुई बैठक में कुल 29 में से 27 पार्षद उपस्थित रहे। इनमें ये 15 सदस्यों ने प्रधान पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए केवल पिछली बैठक में हुई कार्रवाई की पुष्टि के बाद बहुमत के आधार पर सभी एजेंडों को नकार दिया। वहीं प्रधान ने विपक्षी पार्षदों को विकास विरोधी करार दिया।

बता दें कि ब्लॉक समिति अध्यक्ष की कुर्सी को लेकर सदस्य दो फाड़ हो चुके हैं। बता दें कि 31 दिसंबर 2022 को हुए वर्षा गौतम प्रधान और विद्या देवी उप प्रधान चुनी गई थी। लेकिन कुछ समय बाद सदस्यों में उनकी कार्यशैली के प्रति रोष बढ़ गया। मंगलवार 24 दिसंबर 2024 को 20 ब्लॉक पार्षदों ने डीडीपीओ को शपथ पत्र सौंपते हुए प्रधान वर्षा गौतम के प्रति अविश्वास जाहिर किया था। इसे लेकर 2 बार बैठक तय होने के बाद स्थगित हो चुकी है। वीरवार 8 मई 2025 को भी खंड समिति की बैठक में हंगामे के साथ सदस्यों के विरोध के कारण कोई भी प्रस्ताव पारित नहीं हो पाया था।

मंगलवार 10 जून को हुई बैठक में पहला एजेंडा पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि करना था। दूसरा एजेंडा वर्ष 2025-26 की पीएसडीपी तैयार करना था। इसके बाद 15वें फाइनेंस कमिशन की पहली टाइड ग्रांट से 47 लाख 52 हजार 189, दूसरी टाइड ग्रांट से 51 लाख 26 हजार 935, तीसरी टाइड ग्रांट से 34 लाख 15 हजार 638 रुपए से विकास कार्य करवाने के एजेंडे थे। इसके अलावा स्टॉम्प ड्यूटी से 4 करोड़, 21 लाख, 76 हजार 777 रुपए के विकास करवाने का प्रस्ताव एजेंडे में शामिल था। जनसंवाद पर लगी शिकायतों पर विमर्श कर निपटान, ग्राम पंचायत की भूमि अन्य विभागों को देने के संबंध में लैंड यूटिलाइज प्लान बारे चर्चा की जानी थी।

अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रस्ताव भी बैठक में रखे जाने थे। बैठक में कुल 29 में से 27 सदस्य शामिल हुए। इनमें 12 प्रधान के समर्थन में थे और 15 विरोध का झंडा उठाए थे। हरवेश मान, आशीष राठी व रचिता जून आदि ने प्रधान पर भेदभावपूर्ण राजनीति करने का आरोप लगाया। जबकि प्रधान वर्षा गौतम के अनुसार कुछ पार्षद राजनीति के कारण विकास कार्यों का विरोध कर रहे हैं।



**बहादुरगढ़।** बैठक में हाथ उठाकर अपनी सहमति देते खंड समिति सदस्य।



बैठक के बाद विरोध करते सदस्य

### बैठक स्थगित



बीडीपीओ उमेद सिंह ने बताया कि पिछली बैठक की पुष्टि करने के साथ ही बैठक शुरु हुई। लेकिन 27 सदस्यों में से 15 अन्य एजेंडों के खिलाफ थे, इसीलिए कोई भी प्रस्ताव पास नहीं हुआ और बैठक स्थगित हो गई।

## युवक का शव मिला, परिजनों ने हत्या की आशंका जताई



**झज्जर।** नागरिक अस्पताल में उपस्थित ग्रामीण और परिजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

क्षेत्र के गांव छोछी स्थित ईंट-भट्ठे के नजदीक गड्ढे में युवक का शव बरामद हुआ है। युवक के शरीर पर चोट के निशान मिले है। जिसके कारण परिजन हत्या किए जाने की आशंका जता रहे है।



■ छोछी ईंट-भट्ठे के नजदीक गड्ढे में मिला विकास का शव

### शरीर पर चोट के निशान

मृतक की पहचान गांव समसपुर माजरा निवासी विकास पुत्र सतपाल के तौर पर की गई है। वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए शव को नागरिक अस्पताल भिजवाया। जहां बुधवार को पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस विभिन्न पहलूओं को देखते हुए मामले की जांच कर रही है। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि युवक के परिजनों के बयान लिए गए है, आगे की जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

**जनकल्याण सेवा समिति व क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट के सदस्यों की पर्यावरण संरक्षण की मुहिम**

# गोरैया ग्रीन बेल्ट में तीन मिनी पौंड तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

रोहतक-दिल्ली मार्ग पर गोरैया टूरिज्म कांप्लेक्स के साथ लगती ग्रीन बेल्ट को मिनी जंगल के रूप में तब्दील करने के लिए संघर्षशील जनकल्याण सेवा समिति व क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट के सदस्य लगातार प्रयासरत हैं। यहां काफी संख्या में पौधे लगाकर उनकी देखरेख की जा रही है। वहीं अब वर्षा जल संग्रहण के लिए इस साइट पर तीन मिनी पौंड भी तैयार किए जा रहे हैं। जब ये पूरी तरह से तैयार हो जाएंगे तो असंख्य जीवों की प्यास बुझाएंगे। दरअसल, पिछले साल यहां दोनों टीमों ने निरंकारी सत्संग भवन सांखोल और अन्य सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर एक हजार से अधिक पौधे लगाए थे। इस जगह को बहादुरगढ़ के मिनी फॉरेस्ट में बदलने की दिशा में कदम बढ़ाया था। संस्था सदस्यों की मानें तो पिछले साल लगे सभी पौधे आज अच्छी वृद्धि कर रहे हैं।



**बहादुरगढ़।** गोरैया साइट पर तैयार किया जा रहा पौंड।

### पौंड में बारिश का पानी संग्रहित किया जाएगा

लगातार इनकी देखरेख की जा रही है। इस फॉरेस्ट में अब दोनों संस्थाओं के द्वारा तीन मिनी पौंड भी तैयार करवाए जा रहे हैं ताकि बारिश का पानी उसमें संग्रहित हो सके। बारिश का पानी इन मिनी पौंड में भरने से आस पास नमी भी बरकार रहेगी और भू गर्भ में भी पानी जाएगा।

### तीनों पौंड की गहराई 10 से 12 फुट

इसके अलावा अनेक पक्षियों व छोटे जीवों को भी पानी पीने के लिए जल स्त्रोत मिल पाएगा। पर्यावरण प्रेमी मनीष, यशपाल, प्रदीप आदि का कहना है कि तीनों पौंड की गहराई दस से 12 फुट है। कुछ समय बाद इस साइट का नजारा बिलकुल बदल जाएगा। लोगों को शहर के बीच एक हराभर और पक्षियों से चहकता जंगल देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि शहर में भी जहां भी ग्रीन बेल्ट हो, उसमें इसी प्रकार के मिनी पौंड बनाए जाने चाहिए ताकि बारिश का पानी संग्रहित हो सके और भूमि जलस्तर में बढ़ोतरी हो सके।

# पत्नी का हत्यारोपी गिरफ्तार एक दिन के रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

क्षेत्र के गांव खानपुर खुर्द में पत्नी की तेजधार हथियार से हत्या करने मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक टीम द्वारा आरोपी पति को गिरफ्तार किया गया है।

साल्हावास थाना प्रभारी इंस्पेक्टर हरेश कुमार ने बताया कि मृतका के लड़के साहिल की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। पुलिस को दी शिकायत में साहिल ने बताया था कि उसकी मां करीब सोलह वर्षो से गांव खानपुर खुर्द में अपनी पिता के घर पर रह रही थी। उसकी मां झाड़ली गांव के पास स्थित मेट्रो मार्केट में चाय की दुकान चलाती थी। आठ जून को मेरी मां घर पर अकेली थी। जब मैंने अपनी मां के पास रात को फोन किया तो मेरी मां ने बताया कि तेरे पापा घर आए हुए हैं और शराब पीकर झगड़ा कर रहे हैं। अगले दिन मुझे सूचना मिलने पर जब वह अपने घर पहुंचा तो पाया कि उसकी मां लहुलुहान अवस्था में पड़ी हुई है और वहां एक चाकू भी पड़ा हुआ है। मृतका के बेटे ने अपने पिता पर उसकी मां की हत्या करने का आरोप लगाया। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए महिला के आरोपी पति को पकड़ा गया है।




**झज्जर।** पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### भिवानी का रहने वाला है आरोपी

पकड़े गए आरोपी की पहचान विजय निवासी बलियाली जिला भिवानी के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## भाई की मदद करने पहुंचे युवक पर नुकीले हथियार से हमला


**बहादुरगढ़।** गांव भापड़ोदा में एक युवक के साथ मारपीट की गई और उसकी मदद करने आए उसके छोटे भाई पर नुकीले हथियार से हमला कर दिया गया। हमले में युवक के पेट सहित अन्य हिस्सों में चोट आई है। उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। शिकायत के आधार पर आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात छारा के निवासी पवन व उसके भाई ललित के साथ हुई है। पुलिस को दी शिकायत में पवन का कहना है कि मैं गांव में खेतीबाड़ी करता हूं। मेरा भाई भापड़ोदा स्थित एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड है। मेरे भाई ललित का फोन आया कि गांधरा के निवासी नवीन ने मुझे जान से मारने की धमकी दी है और मारपीट की है। इस सूचना पर मैं अपने भाई ललित की कंपनी में पहुंचा तो वहां मेरा भाई डरा सहमा हुआ था। जब मैं व मेरा भाई अपने घर की तरफ जाने लगे तो नवीन ने रास्ता रोक लिया और झगड़ने लगा। उसने नुकीले हथियार से हमला कर दिया। मेरे पेट में दो जगह वार किए। जिस कारण मुझे काफी चोट आई। मेरा भाई मुझे अस्पताल ले गया। जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर पुलिस पीजीआई पहुंची और हमारे बयान लिए। वहीं, पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। हमले की वजह तफ्तीश का विषय है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर वारदात सुलझाई जाएगी।



# जासूस बन मर्डर की गुत्थी सुलझाने निकले दिलजीत

**मुंबई।** एक्टर और सिंगर दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'डिटेक्टिव शेरदिल' का ट्रेलर मंगलवार 10 जून को रिलीज किया गया। फिल्म में दिलजीत एक जासूस की भूमिका में हैं, जो एक मर्डर केस की गुत्थी सुलझाते हैं। फिल्म में सस्पेंस का डोज है तो कॉमेडी के भी छींटे हैं। रवि छाबड़िया के निर्देशन में बनी इस फिल्म को अली अब्बास जफर ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। दिलजीत एक अनोखे डिटेक्टिव के रूप में नजर आए हैं। वे फिल्म में बोमन ईरानी के किरदार के मर्डर की गुत्थी सुलझाते हैं। गंभीर किरदार को भी उन्होंने इस तरह अदा किया है कि दर्शकों को हंसने के भरपूर मौके मिलेंगे।

लाइफ Style



# जैस्मिन

## ताना मारने वालों को जमकर लताड़ा

जैस्मिन भसीन और अली गोनी अब लिव-इन रिलेशनशिप में रहते हैं। वे कई साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। कई बार जैस्मिन को आलोचना का सामना करना पड़ता है, क्योंकि अली मुस्लम हैं और वो हिंदू।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अब इस पर जैस्मिन ने करारा जवाब दिया है और बोलती बंद कर दी है। टीवी एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। टीवी का उनका सफर अब पंजाबी फिल्मों तक पहुंच गया है और वो बॉलीवुड में भी कदम रखने के लिए कमर कस रही हैं। वो अक्सर बॉयफ्रेंड अली गोनी के साथ अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में रहती हैं। उन्होंने हाल ही में इस पर बात की और धर्म के आधार पर उन्हें ट्रोल करने वालों को भी करारा जवाब दिया है। जैस्मिन ने अपने रिश्ते पर लोगों की राय पर भी चुप्पी तोड़ी। खासकर इसलिए, क्योंकि दोनों का धर्म अलग है।

उन्होंने कहा, 'ये रिश्ता हम दोनों के बीच है। हमारे बीच अंडरस्टैंडिंग है। हमने ये बातचीत की है। हम एक कॉमन ग्राउंड पर पहुंच गए हैं, हमने एक-दूसरे को वैसे ही स्वीकार कर लिया है, जैसे हम हैं। हम अपने बीच सुलझे हुए हैं। इसलिए किसी की राय मायने नहीं रखती। फिर भी, अगर लोग निगेटिव राय देते हैं, जो हमारे रिश्ते को प्रभावित कर सकती है, तो उन्हें शर्म आनी चाहिए। दुनिया को प्यार और पॉजिटिविटी की जरूरत है। अगर दो लोग खुश हैं तो दूसरे अपने बेवकूफी भरी राय अपने पास रख सकते हैं।

हॉलीवुड मसाला



# निक ने मुझे छोड़ा, पसंद करती हूं

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार माइली साइरस कभी सिंगर निक जोनस को डेट करती थीं, जिन्होंने बाद में प्रियंका चोपड़ा के साथ घर बसा लिया। माइली साइरस ने अब एक इंटरव्यू में निक जोनस संग अपने रिश्ते और ब्रेकअप पर खुलकर बात की है। माइली अब 'समथिंग ब्यूटीफुल' से कमबैक कर रही हैं। दोनों 2009 में भी साथ थे, पर बीच-बीच में उनका रिश्ता टूटता-जुड़ता रहा। ग्रैमी अवॉर्ड विनर माइली साइरस ने कहा, 'मुझे निक जोनस पसंद है। मैं उससे प्यार करती हूं।



# दुआ से 5 साल छोटी हैं हमशक्ल बहन रीना...

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल सेंसेशन और सिंगर दुआ लीपा की बहन रीना लीपा चर्चा में हैं। उन्हें देखकर सभी हैरान हैं। फैंस का कहना है कि रीना एकदम दुआ की तरह ही दिखती हैं। हमशक्ल लगती हैं। उनके पोस्ट वायरल हो रहे हैं। बता दें कि दुआ से रीना 5 साल छोटी हैं। फेमस सिंगर दुआ लीपा की छोटी बहन रीना लीपा सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने अपनी बहन दुआ के साथ एक फोटो शेयर की और ये रातोंरात वायरल हो गई। उन्हें देखकर फैंस चौंक गए हैं। उनका कहना है कि दोनों हुबहू एक जैसी दिख रही हैं। इस पोस्ट के बाद ही फैंस को पता चला कि दुआ की एक बहन है, जो बिल्कुल उनकी तरह दिखती हैं। दोनों बहनों के वेकेशन की फोटो को 9 मिलियन से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं।



# श्री महाकालेश्वर मंदिर के किए दर्शन...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर महेश मांजरेकर की बेटी सई मांजरेकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया हैंडल पर श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर की कुछ खास तस्वीरें और वीडियो शेयर की हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक नोट भी लिखा है। फिल्म 'दबंग 3' से बॉलीवुड में अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस सई मांजरेकर ने इंस्टाग्राम पर मंदिर से अपनी कई शानदार तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए हैं। यह सभी तस्वीरें और वीडियोज श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के हैं। उन्होंने इस खास पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, 'बहुत अच्छा दिन।' श्रीमहाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन में है। यह मंदिर भारत में 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। जहां महाकाल विराजमान हैं। महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग शिव को समर्पित एक हिंदू मंदिर है और बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है।



# द दिल्ली फाइल्स का बदला टाइटल...

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज निर्देशक और निर्माता विवेक अग्निहोत्री इस समय अपनी आगामी फिल्म द दिल्ली फाइल्स से चर्चा में हैं। हालांकि, अब इस फिल्म को नए टाइटल के साथ रिलीज किया जाएगा। डायरेक्टर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अब फिल्म का नाम द बंगाल फाइल्स होगा। टाइटल बदलाव के ऐलान के साथ ही निर्देशक ने 'द बंगाल फाइल्स' फिल्म को लेकर दो और बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि फिल्म का टीजर 12 जून को 12 बजे दोपहर में रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म सिनेमाघरो में 5 सितंबर को दस्तक देगी। द बंगाल फाइल्स को पहले स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को रिलीज किया जाना था, जिसे अब बदल दिया गया है। विवेक अग्निहोत्री को लीग से हटकर फिल्में बनाने के लिए जाना जाता है।

टीवी मसाला



# डॉक्टर सालुंखे ने छोड़ दिया सीआईडी

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का पॉप्युलर शो सीआईडी दर्शकों द्वारा पसंद किया जा रहा है। 1998 से 2018 तक चले इस शो को 2025 में फिर से ऑन एयर किया गया। हाल ही में शिवाजी साटम को पार्थ समथान ने रिप्लेस किया था, जिसके बाद खूब बवाल मचा था तो एसीपी प्रद्युम्न को वापस लाया गया था। अब खबर है की इस शो को डॉक्टर सालुंखे भी छोड़कर जा रहे हैं। जिसके बाद लोगों का गुस्सा मेकर्स पर फूट पड़ा है। टीवी शो सीआईडी में शिवाजी साटम, ऋषिकेश पांडे, दयानंद शेट्टी, जानवी छेड़ा, श्रद्धा मुसले, आदित्य श्रीवास्तव, नरेंद्र गुप्ता समेत अन्य कलाकार अलग-अलग किरदार में हैं। लोग नए सीजन और इसकी कहानी को भी खूब पसंद कर रहे हैं। पहले शिवाजी साटम की एग्जिट दिखाई गई। और पार्थ समथान को उनकी जगह पर कास्ट किया गया। हालांकि, बाद में कहानी में मोड़ लाया गया और डॉक्टर सालुंखे को देशद्रोही बताया गया और उनको गिरफ्तार कर लिया गया। डॉक्टर सालुंखे का किरदार नरेंद्र गुप्ता निभा रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी के बाद उनका शो से सफर खत्म हो गया है। अब वह शो में दिखाई नहीं देंगे। अब उनके जाने से फैंस नाखुश हैं। वह मेकर्स पर बेतुके ट्विस्ट लाने के कारण गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, आपने सीआई 2 टीम के साथ क्या किया? आपने डॉक्टर सालुंखे को विलेन क्यों बनाया? इससे अच्छा तो आप डॉक्टर गार्गी को गद्दार बना देते।

## शादी और कुंडली पर पहले दे दी थी चेतावनी

**नई दिल्ली।** इस समय लगभग पूरे देश में सोनम रघुवंशी के बारे में चर्चा हो रही है। उनपर अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या के आरोप लगे हैं। इस मामले में हर दिन, हर पल नए-नए चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। इस बीच



'पंचायत' वेब सीरीज से विकास भाई का एक डायलॉग भी वायरल हो रहा है, जिसमें वो सोच-समझकर शादी करने, कुंडली और विचारों की बात कर रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए यूजर ने लिखा, 'विकास भाई तो पहले ही वार्निंग दे चुके थे।' इसमें विकास का किरदार निभाने वाले एक्टर चंदन रॉय कह रहे हैं, 'हम ये नहीं कह रहे हैं कि आप शादी कर लीजिए, लेकिन जब भी कीजिएगा ना सर, सोच-समझकर कीजिएगा। कुंडली मिले ना, विचारों का मिलना बहुत जरूरी होता है। अगर विचार नहीं मिला, तो पूरा वैवाहिक जीवन अंड का बंड (बर्बाद) हो जाता है।' इस वीडियो पर कई लोग रिएक्शन देते हुए अपनी सहमति दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'सही कहा भाई आपने, मैं आपसे सहमत हूं।'

# मानुषी संग रोमांस करते दिखे राजकुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार इस वक्त अपनी आगामी फिल्म 'मालिक' से चर्चा में हैं, जिसमें एक्टर गैंगस्टर लुक में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का दर्शकों का बड़ी बेसब्री से इंतजार है। अब निर्माताओं ने फिल्म का पहला गाना 'नामुमकिन' रिलीज किया है। इस गाने के जरिए मिस वर्ल्ड विजेता और अभिनेत्री मानुषी छिल्लर पहली बार स्क्रीन पर नजर आईं हैं। गाने में दोनों रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं और इनकी केमिस्ट्री देखने लायक है। वे साथ में बहुत प्यारे दिख रहे हैं। 'नामुमकिन' सॉन्ग को वरुण जैन, श्रेया घोषाल, सचिन-जिगर ने मिलकर गाया है। वहीं, इस गाने को अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखा है। 'मालिक' फिल्म का टीजर पिछले हफ्ते रिलीज हुआ था।



इस टीजर में राजकुमार राव का खतरनाक अंदाज दिखा था, जिसमें उन्हें अपने दुश्मनों को बर्बर तरीके से मारते-काटते देखा गया था। फिल्म के टीजर ने दर्शकों के रोंगटे खड़े कर दिए थे। पहली बार अभिनेता का ये अंदाज उनके फैंस देखेंगे। इस समय अभिनेता अपनी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'भूल चूक माफ' से चर्चा में हैं। अब उन्हें फुल टू एक्शन में देखने के लिए तैयार हो जाएं।

# अजीत ने तमाम उतार-चढ़ाव को पार कर फिल्मी दुनिया में बनाई खास जगह

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में 1945 से 1995 तक एक ही विलन का नाम गूंजता था - अजीत खान। उनकी रील लाइफ जितनी दमदार थी, रियल लाइफ उतनी ही मुश्किलों से भरी थी। गरीबी और जिंदगी के तमाम उतार-चढ़ाव को पार कर उन्होंने फिल्मी दुनिया में अपनी खास जगह बनाई। हैदराबाद के गोलकुंडा में 27 जनवरी 1922 को एक मुस्लिम परिवार में जन्मे अजीत खान का असली नाम हामिद अली खान था। एक छोटी सी गली से निकलकर बॉलीवुड के सबसे खतरनाक विलेन बनने का उनका सफर आसान नहीं था। अपने आखिरी दिनों में अजीत हैदराबाद में ही रहे और 22 अक्टूबर 1998 को 76 साल की उम्र में उनका निधन हो गया।



***हीरो बनकर शुरू किया कॅरियर, विलेन बनकर छाए :*** अजीत खान का फिल्मी सफर मुश्किलों से शुरू हुआ। उन्होंने बॉलीवुड में हीरो के तौर पर कदम रखा, लेकिन असली पहचान उन्हें विलेन के किरदारों से मिली। दर्शकों को उनकी एक्टिंग इतनी पसंद आई कि उनकी फिल्में एक के बाद एक बॉक्स ऑफिस पर हिट होती गईं। फिल्मों में आने से पहले हामिद अली खान ने अपना नाम छोटा करके 'अजीत' रख लिया था, क्योंकि उनका असली नाम काफी लंबा था।


## सपनों के लिए घर छोड़ा मुंबई में झेली मुश्किलें

मीडिया खबरों के अनुसार, अजीत खान बचपन से ही एक्टर बनना चाहते थे। इस सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने घर छोड़ दिया और मुंबई चले आए। उनके पास पैसे नहीं थे, इसलिए उन्होंने अपनी किताबें तक बेच दीं। मुंबई में उनके पास रहने की कोई जगह नहीं थी, तो वे सीमेंट की बड़ी पाइपों में सोने लगे। उस समय कुछ गुंडे उन पाइपों में रहने वालों से पैसे वसूलते थे। पैसे न देने पर वे लोगों को मारकर भगा देते थे। एक दिन अजीत को इतना गुस्सा आया कि उन्होंने उन गुंडों से भिड़ंत कर ली। अजीत के सामने कोई गुंडा नहीं टिका और सब भाग गए। इसके बाद वहां रहने वालों के बीच उनकी खूब इज्जत हो गई। अजीत खान की जिंदगी की ये कहानी उनके जुनून और हिम्मत को दिखाती है, जिसने उन्हें बॉलीवुड का सबसे यादगार विलेन बनाया।

## अमीर पति की हत्या करवाने के लिए अपने प्रेमी को फंसाती है चालाक महिला

# धोखा, फरेब और हत्या, फिल्मी पर्दे पर दिखीं सोनम रघुवंशी जैसी खौफनाक कहानियां

***नई दिल्ली।*** *इंदौर के राजा और सोनम रघुवंशी की कहानी ने सबको हिला कर रख दिया है। पत्नी सोनम ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या की, जिससे हर कोई दंग रह गया। इस तरह की घटनाएं फिल्मों में भी कई बार देखी गई हैं, जहां धोखा, साजिश और हत्या की कहानियां दर्शाई गई हैं। आइए जानते हैं ऐसी कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जिनमें हर मोड़ पर कुछ ऐसा ही धोखा और विश्वासघात मिलता है।*





**जिस्म :** साल 2003 की फिल्म 'जिस्म' भी पति की हत्या की साजिश पर आधारित है। यहां एक खूबसूरत और चालाक महिला अपने अमीर पति की हत्या करवाने के लिए अपने प्रेमी को फंसाती है। कबीर लाल नाम के वकील इस साजिश में फंस जाता है, लेकिन अंत में सच्चाई सामने आती है। यह फिल्म प्यार के बहाने किए गए अपराध और लालच की कहानी बयां करती है। इस फिल्म जॉन में अब्राहिम और बिपाशा बसु मुख्य किरदार में थे।

**कर्ज :** इसी तरह साल 1980 की मशहूर फिल्म 'कर्ज' में भी पति की हत्या की साजिश दिखाई गई थी। अमीर रवि वर्मा की अपनी पत्नी कामिनी द्वारा संपत्ति हड़पने के लिए हत्या कर दी जाती है। फिर कहानी पुनर्जन्म की अवधारणा के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां न्याय की तलाश में नया जन्म हुआ व्यक्ति साजिश का बदला लेता है। इस फिल्म में ऋषि कपूर, सिमी गरेवाल और टीना मुनीम जैसे कलाकार थे।




**लोग क्या कहेंगे :** फिल्म 'लोग क्या कहेंगे' (1982) सामाजिक ड्रामा है, जिसमें एक महिला के मानसिक संघर्ष और सामाजिक दबावों को दिखाया गया है। इसमें महिला अपने पति की हत्या तक कर देती है, लेकिन यह हत्या अधिकतर मानसिक असंतुलन और परिवार के तनाव के कारण होती है। शबाना आजमी ने इस फिल्म में दमदार अभिनय किया है, जो समाज की कठोर सोच और महिलाओं पर पड़ने वाले प्रभाव को दर्शाती है।







**फरेब :** साल 2005 में आई फिल्म फरेब में भी इसी तरह की कहानी को दिखाया गया था। इस इरोटिक थ्रिलर में शिल्पा शेट्टी, शमिता शेट्टी और मनोज बाजपेयी मुख्य भूमिका में थे। कहानी में एक डॉक्टर और उसकी पत्नी के रिश्तों में जब पड़ोसी महिला की एंट्री हो जाती है, तो अफेयर और धोखे की घटनाएं सामने आती हैं। जब पत्नी को पति की बेवफाई का पता चलता है, तो दोनों के बीच तनाव गहराता है और एक दिन अचानक पड़ोसी महिला की हत्या हो जाती है। इसके बाद जब एक-एक कर मामले की परतें खुलती हैं तो पैरों तले जमीन खिसक जाती है।

***समाज की जटिलताओं को करती हैं उजागर :*** *इन फिल्मों में पति की हत्या या हत्या की साजिश को अलग-अलग कारणों से दिखाया गया है, चाहे वह संपति का लालच हो, धोखा हो या फिर मानसिक संघर्ष। ये कहानियां समाज की जटिलताओं को पर्दे पर उजागर करती हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देती हैं कि रिश्तों में कभी-कभी कितनी गहराई और अंधेरा होता है।*

खबर संक्षेप

## गर्मी से बच्चों का बचाव करने की सलाह

**बहादुरगढ़।** गर्मी के बढ़ते प्रकोप से अभिभावकों को अपने बच्चों की चिंता सताने लगी है। मंगलवार को जहां अधिकतम तापमान 41 डिग्री रहा, वहीं न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा। गर्मी की चपेट में आने से दर्जनों बच्चे प्रतिदिन शहर के सरकारी अस्पताल व अन्य अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों का मानना है कि गर्मी के कारण बच्चों को वायरल बुखार व उल्टी-दस्त की शिकायत हो रही है। जरा सी लापरवाही बच्चे के स्वास्थ्य को बिगाड़ सकती है।
बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. बलवंत सिंह का मानना है कि कम उम्र के बच्चों पर बीमारियों के वायरस बहुत तेजी से अपना प्रभाव छोड़ते हैं। इसीलिए शिशु व बच्चों को गर्मी से बचाव को लेकर अभिभावकों की चिंता वाजिब है। मौसम में निरंतर बदलाव आ रहा है और दोपहर की गर्मी से नवजात शिशुओं को बचाने के लिए विशेष देखभाल की जरूरत होती है। चूंकि 5 साल से कम उम्र के बच्चे ठीक ढंग से अपनी बीमारी नहीं बता पाते हैं, इसीलिए अभिभावकों को ही उनकी देखभाल के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है।

### जलभराव की स्थिति पैदा ना हो इसे लेकर विशेष निर्देश दिए

# ड्रेन व नालों की सफाई की नियमित की जा रही मॉनिटरिंग : उपायुक्त



**झज्जर।** बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो :हरिभूमि

■ जिन स्थानों पर जलभराव की स्थिति पैदा होती है ऐसे हॉटस्पॉट को चिह्नित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आगामी मानसून के मद्देनजर जिले में ड्रेन व नालों की सफाई का कार्य तेज गति से प्रगति पर है और जल्द पूरा कर लिया जाएगा। जिन स्थानों पर जलभराव की स्थिति पैदा होती है ऐसे हॉटस्पॉट को चिह्नित कर लिया गया है और जलभराव की स्थिति पैदा ना हो इसे लेकर विशेष निर्देश दिए गए हैं। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने मंगलवार को हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तायुक्त डॉक्टर सुमिता मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान ये जानकारी दी। वीसी उपरांत डीसी ने विभागीय अधिकारियों की बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आगामी मानसून के मौसम में जलभराव की स्थिति पैदा ना हो इसके लिए ड्रेन व नालों की सफाई का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए। बरसात के सीजन में कही पर भी जलभराव की स्थिति नहीं बननी चाहिए।

### नालों की सफाई पूरी करवाने की मांग

**बहादुरगढ़।** वार्ड नंबर-23 की पार्षद सुनैना संजीव मलिक ने शहर के झज्जर रोड पर अधूरी पड़ी नालों की सफाई पूरी करवाने की मांग की है। उनके अनुसार पिछले 15 वर्षों के बाद सही ढंग से बरसाती नाले की सफाई का कार्य शुरू हुआ था, मगर यह काम बीच में अटक गया है। पार्षद सुनैना संजीव मलिक ने बताया कि पिछले सप्ताह जिला उपायुक्त ने झज्जर रोड का दौरा किया था। उन्हें जलभराव की प्रमुख समस्या से अवगत करवाया गया था। डीसी ने मौके पर ही एसडीएम व नप अधिकारियों को झज्जर रोड पर बरसाती नाले की अच्छी तरह से सफाई करवाने के निर्देश दिए थे। ताकि यहां जलभराव की समस्या ना हो। पार्षद सुनैना ने बताया कि दो-तीन दिनों से नाले की सफाई का कार्य अच्छे प्रकार से चल रहा था। स्थानीय निवासी काफी खुश थे, मगर नाले की सफाई का कार्य बीच में ही रुक गया है। मलिक ने डीसी व नप अधिकारियों से झज्जर रोड के पूरे नाले की सफाई ढंग से करवाने की मांग दोहराई है।


पार्षद सुनैना संजीव मलिक


बहादुरगढ़। कंपनी के कर्मचारियों को जागरुक करते एसआई सत्यप्रकाश।

### कर्मचारियों को पुलिस ने किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** मंगलवार को पुलिस टीम ने एक जूता कंपनी के कर्मचारियों को यातायात के नियम समझाए। साइबर क्राइम से बचने के तरीके बताए और नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया। एसआई सत्यप्रकाश ने बताया कि साइबर ठगी करने वाले नए-नए तरीके अपना रहे हैं। वे कभी कम समय में ज्यादा पैसे कमाने का लालच देते हैं। कभी आपका परिचित बनकर, कभी कोई कर्मचारी बन लालच देकर साइबर ठगी का शिकार कर बना लेते हैं। इसलिए अंजान व्यक्ति से कभी भी अपनी बैक संबंधित कोई जानकारी सांझा ना करें। इस दौरान उन्होंने यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए पालना के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि नशे जैसी बीमारी से दूर रहें। यह पैसों के साथ इंसान के शरीर और समाज को खत्म कर देता है।



### आईटीआई में योग शिविर का समापन

**बहादुरगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहादुरगढ़ में आयुष विभाग के सहयोग से योग दिवस की तैयारी को लेकर चल रहे दो दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। प्रिंसिपल गीता आर सिंह ने बच्चों से योगाभ्यास को नियमित दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। योग सहायिका प्रीति व पतंजलि योग समिति के संरक्षक सरदार गुरमीत सिंह ने बच्चों को योग आसन करवाए। इस अवसर पर निबंध व भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रधानाचार्या गीता आर सिंह ने सम्मानित किया। दिल्ली हास्पिटल की तरफ से विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर वर्ग अनुदेशक उमा देवी, देवेंद्र नरवाल, तरसपाल, सत्येंद्र दहिया, सतीश शर्मा व भारत नागपाल आदि मौजूद रहे।

### बिजली निगम उपभोक्ताओं के लिए पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना : यशवीर सिंह

**झज्जर।** बिजली निगम द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर प्लांट लगाए जा रहे हैं। योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से सब्सिडी भी दी जा रही है। यह जानकारी देते बिजली निगम के एसई यशवीर सिंह ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा जहां एक किलोवाट का सोलर प्लांट लगवाने पर तीस हजार, दो किलोवॉट पर साठ हजार तथा तीन किलोवाट पर 78 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाएगी वहीं प्रदेश सरकार द्वारा तीन लाख की वार्षिक आय वाले परिवार जिनकी खपत 2400 यूनिट से कम हो उन्हें दो किलोवाट के सोलर प्लांट पर सब्सिडी मिलेगी जबकि जिस परिवार की आय न्यूनतम वार्षिक 1 लाख 80 हजार रुपये है उन्हें एक किलोवाट का सोलर प्लांट लगवाने पर 25 हजार, 2 किलोवाट के सोलर प्लांट पर 50 हजार रुपये सब्सिडी दी जाएगी। इसके अलावा 1 लाख 80 हजार रुपये से तीन लाख रुपये वार्षिक आय वाले उपभोक्ताओं को एक किलोवाट पर दस हजार तथा दो किलोवाट के सोलर प्लांट पर बीस हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। इसके लिए बैंक लोन की सुविधा भी दी जा रही है जिसमें एसबीआई और पीएनबी से सात प्रतिशत के ब्याज पर लोन मुहैया कराया जाएगा।


योजना की जानकारी देते हुए एसई यशवीर सिंह।

# सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया झाड़ू प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

■ सरकार के खिलाफ आंदोलन करने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर मंगलवार को नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद सफाई कर्मचारियों ने डीआरओ प्रमोद चहल के माध्यम से डीसी को ज्ञापन भेजा। सुबह करीब ग्यारह बजे सभी सफाई कर्मचारी शहर के राव तुलाराम चौक पर एकत्रित हुए तथा प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय परिसर पहुंचे। सफाई कर्मचारी यूनियन के इकाई प्रधान शिवम चावरियां ने बताया कि उनकी मुख्य मांगों में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, ठेका प्रथा समाप्त करना, 27 हजार रुपये वेतन लागू करना, सेवानिवृत्त होने पर कर्मचारियों को 10 लाख रुपये देना, जोखिम भत्ता पांच हजार रुपये लागू करना शामिल है। इसके बाद उन्होंने डीआरओ प्रमोद चहल को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर इकाई सचिव विकास उज्जैनवाल, कोषाध्यक्ष गौरव, ऑडिटर कृष्ण, मुकेश दरोगा, नवीन, शिबू, राजेश, धर्मपाल, सुमित, शीतल, दया, सुषमा, निर्मला, सुमित्रा, मनीषा, कांता, कमलेश, चमन सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।




**झज्जर।** लघु सचिवालय परिसर में झाड़ू प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मचारी, प्रदर्शन के उपरांत डीआरओ प्रमोद चहल को ज्ञापन सौंपते हुए सफाई कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### ज्ञापन में करवाया जून व जुलाई माह में होने वाले आंदोलनों से अवगत

नगर पालिका कर्मचारी संघ द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि संघ व सरकार के बीच बीते वर्ष सात अगस्त को कर्मचारियों की मांगों पर वार्ता हुई थी और कुछ मांगों पर सहमति भी बनी थी लेकिन मानी गई मांगों के पत्र अभी तक जारी नहीं किए गए। इसके बाद रोषित कर्मचारियों द्वारा बीती 31 मई को नगर निगम रोहतक के कार्यालय में राज्य कमेटी बैठक का आयोजन किया तथा सरकार के खिलाफ आंदोलन करने की घोषणा की। लिए गए निर्णयों में जहां मंगलवार को प्रदर्शन किया गया वहीं बारह जून को फायर कर्मियों की मांगों के निवारण के लिए फायर महानिदेशक पंचकूला कार्यालय पर प्रदर्शन एवं घेराव किया जाएगा। आगामी 23 जून को मेरी आवाज सुनो कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री सहित सभी राज्य एवं कैबिनेट मंत्रियों के आवासों पर झाड़ू, काले झंडे एवं थाली बजाकर प्रदर्शन किया जाएगा व ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके उपरांत 29 जून को शहरी स्थानीय निकाय एवं आयकर व कराधान मंत्री विपुल गोयल के फरीदाबाद स्थित सेक्टर 15 आवास पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं घेराव कार्यक्रम होगा। देश की केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में पालिकाओं, परिषदों, निगमों व अग्निशमन विभाग के कर्मचारी शामिल होंगे।

## खंड समिति सदस्यों ने दिनेश कौशिक को बताई समस्याएं


**बहादुरगढ़।** खंड समिति सदस्यों से चर्चा करते भाजपा नेता दिनेश कौशिक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

ब्लॉक समिति के कई सदस्यों ने सेक्टर-2 में स्थित कार्यालय में भाजपा के विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक से मुलाकात की। ब्लाक समिति सदस्यों ने उन्हें अपने वार्डों की समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान की मांग की। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की। ब्लाक समिति सदस्यों की समस्याएं सुनने के बाद दिनेश कौशिक ने जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के स्तर की समस्याओं का समाधान एक-दो दिन में ही करवा दिया जाएगा। शेष समस्याओं के लिए मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें अवगत कराया जाएगा। वाइस चेयरपर्सन विद्या देवी, सदस्य बलराज निलोठी, साहिल डाबोदा खुर्द, आशीष राठी खरहर, ओमकंवार छारा, सुरजीत दुल्हेड़ा, जसबीर लोवा, रचिता जून माजरा, विजय दलाल जाखौदा, राकेश आसौदा, मंगू नंबदार परनाला, हरवेश मान लोवा, अमित दहकौरा, कविता रोहद, नीरज , अभिषेक सिलोठी आदि ने अपने इलाकों की समस्याएं उन्हें बताई। दिनेश ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा शहरी तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्र में विकास करवाया जा रहा है। भाजपा सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाएं पहुंचाने के लिए दृढसंकल्पित है।

# साल्हावास में पांच दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान प्रशिक्षण शुरू

■ प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई सभी गतिविधियां कक्षा कक्ष में लागू करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

साल्हावास खंड के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत प्राथमिक कक्षाओं के अध्यापकों के लिए पांच दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान प्रशिक्षण का शुभारंभ माछरौली डाइट से प्राध्यापक सुनील कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि हमें निपुण मिशन को सफल बनाने के लिए ईमानदारी एवं कर्त्तव्य निष्ठा से कार्य करना चाहिए। इस मिशन के अंतर्गत बच्चों में सकारात्मक प्रभाव नजर आने लगे हैं हम सभी मिलकर शिक्षा विभाग द्वारा चलाई गई मुहिम को मुकाम तक पहुंचाने का जज्बा रखते हैं। इसलिए हमें अभिभावकों को विश्वास में लेकर स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ाने पर मेहनत करनी चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई सभी गतिविधियां कक्षा कक्ष में लागू करनी चाहिए। इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को नए पाठ्यक्रम की पुस्तकें रागिनी भाग-1, रागिनी भाग-2, सरगम भाग-1, सरगम भाग-2, शिक्षक संदर्शिका, वर्कबुक एवं शिक्षण सहायक सामग्री के प्रभावी उपयोग की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर बीआरपी वीरेंद्र सिंह, विनीता, कृष्णा देवी ने मास्टर ट्रेनर की भूमिका निभाई।


**झज्जर।** प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत करते हुए डाइट माछरौली के प्राध्यापक सुनील कुमार। फोटो :हरिभूमि

### नई शिक्षण सामग्री का प्रयोग करके बच्चों में करें चिंतन कौशल का विकास

**झज्जर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी में निपुण भारत के अंतर्गत चल रहे पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को एससीईआरटी उपनिदेशक वीरेंद्र सिंह नारा द्वारा जायजा लिया गया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों के साथ अपने विचार सांझा करते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को पहली से तीसरी कक्षा तक की नई शिक्षण सामग्री से अवगत कराना है। इसलिए अध्यापक गतिविधि आधारित शिक्षण को अपनाते हुए रुचिकर तरीके से बच्चों को पढ़ाएं। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे ज्यादा से ज्यादा अभ्यास कराते हुए बच्चों में चिंतन कौशल का भी विकास करे ताकि बच्चें स्वयं प्रश्नों का निर्माण कर सकें। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चौहान ने भी प्रशिक्षण में सीखी गई रणनीतियों को कक्षा में अपने शिक्षण के दौरान प्रयोग करने का आह्वान प्रशिक्षण ले रहे मौजूदा शिक्षकों से किया।


**झज्जर।** प्रशिक्षण में उपस्थित प्राथमिक शिक्षक। फोटो :हरिभूमि


बहादुरगढ़। केएमपी थाने के पास पुलिस की ओर से लगाई गई छबील।

### पुलिस ने लगाई मीठे पानी की छबील

**बहादुरगढ़।** भीषण गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए केएमपी यातायात पुलिस ने मंगलवार को केएमपी ट्रैफिक थाने के नजदीक मीठे जल की छबील लगाई। पुलिस कर्मियों ने युवाओं के सहयोग से आने जाने वाले राहगीरों को शीतल व मीठा पानी पिलाया। केएमपी थाना प्रभारी महेश कुमार ने भी टीम के साथ स्वयं खड़े होकर आने जाने वाले राहगीरों को अपने हाथों से मीठा जल वितरित किया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में ठंडा पानी लोगों के लिए अमृत के समान है। प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य माना गया है। इस दौरान उन्होंने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने को प्रेरित किया।

### स्वास्थ्य विभाग का डायरिया रोको अभियान 16 जुलाई से

**झज्जर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी 16 जून से दस्त नियंत्रण कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। 31 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान को लेकर विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। अभियान के अंतर्गत जिले भर के शून्य से पांच साल तक के 76596 बच्चों के घरो में ओआरएस के पैकेट व जिंक टेबलेट वितरित किए जाएंगे। जिले में लगभग 870 आशा वर्कर 270 एएनएम व 1120 आंगनवाड़ी वर्करों द्वारा इन बच्चों के घरों में 2-2 पैकेट ओआरएस व 14 जिंक टैबलेट वितरित की जाएंगी। सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने बताया कि पांच साल से कम उम्र के बच्चों में दस्त से होने वाली मौतों को रोकने के लिए बीते वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर दस्त रोको अभियान की शुरुआत की गई थी। दस्त भारत में बाल मृत्यु दर का तीसरा प्रमुख कारण है। डायरिया के लक्षणों में बार-बार दस्त आना, मतली और पेट में ऐंठन होना, कम पेशाब आना, मुंह का सूखना, सिर दर्द, थकान, बुखार, मल में खून या मवाद आना, चिड़चिड़ापन, सुस्ती, अधिक नींद आना तथा धंसी हुए आंखें शामिल हैं।


डॉक्टर जयमाला, सीएमओ

### गुढ़ा आईटीआई में अभी तक 224 विद्यार्थियों ने आवेदन किया

# आईटीआई में दाखिले के लिए बीस जून तक करें आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले की विभिन्न आईटीआई में आगामी सत्र में दाखिले के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। जिनमें दाखिले के लिए आवेदक 20 जून तक एडमिशन लिंक पर आवेदन कर सकते हैं। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुढ़ा के प्राचार्य जीतपाल ने बताया कि गुढ़ा आईटीआई में अभी तक 224 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है।

### झज्जर जिला बन रहा है इंडस्ट्रियल हब

प्राचार्य जीतपाल ने बताया कि वर्तमान में विभिन्न नामी कंपनियां जिले में स्थापित हो रही हैं। इन कंपनियों में सबसे अधिक आईटीआई के विद्यार्थियों की मांग रहती है। ऐसे में कुशल कारीगरों की बहुत अधिक मांग को देखते हुए इच्छुक विद्यार्थी राजकीय आईटीआई गुढा में वर्तमान में चल रहे कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, सेविंग टेक्नोलॉजी, मैकेनिक डीजल, कारपेंटर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक ट्रैक्टर, वेल्डर, फिटर, इलेक्ट्रीशियन, पलंबर, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशन, ड्राफ्ट्समैन सिविल, वायरमैन, मैकेनिक इलेक्ट्रॉनिक व्यवसायों में दाखिला लेकर अपने कौशल का विकास कर सकते हैं। उनके संस्थान में 15 ट्रेड एवं 33 यूनिट में कुल 508 सीटों पर दाखिले किए जाने हैं। 15 व्यवसायों में से सेविंग टेक्नोलॉजी, मैकेनिक डीजल, कारपेंटर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक ट्रैक्टर, वेल्डर, फिटर व इलेक्ट्रिशियन सहित कुल आठ व्यवसाय सरकार द्वारा चलाई गई दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली के अंतर्गत आते हैं। दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली के अंतर्गत औद्योगिक प्रतिष्ठानों में प्रैक्टिकल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए राजकीय औद्योगिक प्रतिष्ठान गुढा का समझौता हरियाणा रोडवेज, डैंसो हरियाणा प्राइवेट लिमिटेड, पैनासोनिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, अंबर इंटरप्राइजेस, हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, एस्कॉर्ट कुबोटा लिमिटेड आदि औद्योगिक प्रतिष्ठानों के साथ हुआ है।आईटीआई गुढ़ा में विभिन्न ट्रेड एवं यूनिट में कोपा में 48, इलेक्ट्रीशियन में 40, फिटर में 40 रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग में 48, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक में 24, वायरमैन में 20, वेल्डर में 40, प्लंबर में 48, सेविंग टेक्नोलॉजी में 20, सोलर टेक्नीशियन में 20, मैकेनिक मोटर व्हीकल में 24, मैकेनिक डीजल में 48, मैकेनिक ट्रैक्टर में 40, ड्राफ्ट्समैन सिविल में 24 व वुड वर्क टेक्नीशियन में 24 सीटें हैं।


**झज्जर।** आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन करते हुए विद्यार्थी।

### आईटीआई में 20 तक होंगे दाखिले

**बहादुरगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। आगामी 20 जून तक आवेदन किए जा सकते हैं। इसके बाद 25 जून को पहली दाखिला सूची जारी कर दी जाएगी। झज्जर रोड स्थित आईटीआई की 700 सीटों पर दाखिला प्रक्रिया चल रही है। विद्यार्थियों में उत्साह है। विद्यार्थियों की सहुलियत के लिए आईटीआई में हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है। आईटीआई में भी आकर विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। प्रिंसिपल गीता रानी सिंह ने बताया कि छुट्टी के दिन भी पंजीकरण प्रक्रिया चालू रखने के आदेश हैं। इस सप्ताहांत को प्रशिक्षण संस्थान खुला रहेगा। आवेदक इन दिनों आइटीआई में आकर आवेदन कर सकते हैं। लड़कियों के लिए पंजीकरण माफ है तथा ट्यूशन फीस भी नहीं है। आगामी 20 जून तक प्रक्रिया जारी रहेगी। इसके बाद 25 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। एसएमएस के जरिये विद्यार्थियों को जानकारी प्राप्त होगी।


**बहादुरगढ़।** आईटीआई में आवेदन करने पहुंचा एक छात्र।

### सीहा रेलवे फाटक पर से बाइक चोरी

**डहीना।** सीहा रेलवे फाटक के पास खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। जीआरपी को दर्ज शिकायत में अमित कुमार ने बताया कि वह रेलवे फाटक पर मौजूद था। बाइक फाटक के पास ही खड़ी की हुई थी। मौका पाकर चोर उसकी बाइक लेकर फरार हो गए।

**सूचना**

हम, बलजीत सिंह पुत्र श्री मोती राम व श्रीमति नीलम पत्नी बलजीत निवासी गांव गोयला कलां तहसील बादली, जिला झज्जर बयान करते हैं कि हमारी पुत्री सुशीला हमारे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये हम इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, दलबीर सिंह (Dalbir Singh) पुत्र श्री मुक्त राम (Mukt Ram) निवासी मकान नंबर-142, सेक्टर-2, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे शैक्षणिक रिकॉर्ड में मेरा राम दलवीर सिंह (Dalvir Singh) है। लेकिन आधार कार्ड नंबर-486922604297 और अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम दलबीर सिंह (Dalbir Singh) है। मेरी जन्मतिथि 07-01-1972 है। दलबीर सिंह (Dalbir Singh) और दलवीर सिंह (Dalvir Singh) एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही नाम हैं। मुझे भविष्य में दलबीर सिंह (Dalbir Singh) के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

## खबर संक्षेप


झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्यवाई करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### युवक ने फंदा लगाकर की जीवनलीला समाप्त

**झज्जर।** शहर के नया बस स्टैंड के नजदीक खेतों में एक पेड़ पर फांसी का फंदा बनाकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान करीब 35 वर्षीय रोहित पुत्र औमप्रकाश के तौर पर हुई है। रोहित उर्फ मटरू बीते कई वर्षो से शहर के बेरी गेट में अपने नैनिहाल में रहता था। आत्महत्या करने के पीछे कारण क्या रहे इस बात का खुलासा नहीं हो पाया है। मामले के जांच अधिकारी रविंद्र ने बताया कि उन्हें सोमवार की सांय किसी युवक द्वारा नए बस स्टैंड के पास खेत में एक पेड़ से फांसी लगाने की सूचना मिली थी। जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे तथा शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। परिजनों के अनुसार वह नशे का आदि था। मृतक के मामा के कृष्ण के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्यवाई अमल में लाई जा रही है।

### कांग्रेस पर्यवेक्षक आज झज्जर में

**झज्जर।** पूर्व शिक्षा मंत्री एवं स्थानीय विधायक गीता भुक्कल ने बताया कि राहुल गांधी के हरियाणा दौरे के बाद प्रदेश कांग्रेस के संगठन को बनाने की कवायत अब तेज हो चुकी है। राहुल गांधी के निर्देशानुसार जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए काम करना शुरू कर दिया गया है। हरियाणा कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त किए गए पर्यवेक्षक व केंद्रीय पर्यवेक्षक अब जिलों में जाकर कांग्रेस पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं से मिलकर जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए रायशुमारी कर रहे हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस पार्टी द्वारा झज्जर जिले के एआईसीसी पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी पूर्व लोकसभा सांसद व मेंबर सीडब्ल्यूसी जगदीश ठाकुर व पीसीसी पर्यवेक्षक की जिम्मेवारी पूर्व विधायक राव दान सिंह, जय भगवान अंतिल व वर्धन यादव को सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि बुधवार को एआईसीसी व पीसीसी पर्यवेक्षक संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ जिला अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर रायशुमारी करेंगे।

### बैठक कर बनाई आगामी आंदोलन के लिए रणनीति

# सफाई कर्मचारियों ने थाली बजाकर शहर में किया प्रदर्शन



बहादुरगढ़। मंगलवार को शहर में प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ प्रदर्शनकारी मांडोठी बाजार, मेन बाजार, रोहतक-दिल्ली से होते हुए नगर परिषद के गेट पर पहुंचे

नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर मंगलवार को सफाई कर्मचारियों ने शहर में काले झंडे और उलटी झाड़ू लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान थाली बजाकर सरकार के प्रति रोष भी जताया गया। बाद में नगर परिषद के ईओ को ज्ञापन दिया। मंगलवार की सुबह झज्जर चुंगी पर स्थित शहीद राव तुलाराम पार्क में नगर पालिका कर्मचारी संघ से जुड़े कर्मचारी एकत्र हुए। अपनी पुरानी समस्याओं, मांगों पर चर्चा की। साथ ही आगामी आंदोलनों को लेकर रणनीति बनाई। इसके बाद प्रदर्शन शुरू हुआ। मांडोठी बाजार, मेन बाजार, रोहतक-दिल्ली से होते हुए नगर परिषद के गेट पर पहुंचे। यहां ईओ अरुण नांदल को आने वाले आंदालनों की सूचना देने के लिए ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में इकाई प्रधान राजेश, राज्य संगठनकर्ता राजपाल, जिला प्रधान राजेंद्र, इकाई सचिव अमित, मुकेश, होशियार सिंह, वेदपाल, जयभगवान, अजय, संदीप, सुनील, उषा, सनी, अनिल, मोनू, दर्शना, बबीता सहित हड़ताली कच्चे कर्मचारी भी शामिल थे। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि वे लंबे समय से पुरानी पेंशन बहाली, ठेका प्रथा बंद करने, कच्चे कर्मियों को पक्का करने की मांग उठा रहे हैं। लेकिन सरकार सुनवाई नहीं कर रही। इसलिए आज काले झंडे लेकर और थाली बजाकर प्रदर्शन किया गया है। आठ दिन से हड़ताल कर रहे कच्चे कर्मियों को भी वेतन दिया जाए।

## हड़ताली कर्मियों को मिल रहा संगठनों का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ नागरिक मंच ने सफाई कर्मचारियों की हड़ताल पर चिंता जताई

वेतन की मांग को लेकर आठवें दिन भी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जा रही रही। इन हड़ताली कर्मचारियों को लगातार संगठनों का साथ मिल रहा है। मंगलवार को भी विभिन्न संगठनों ने समर्थन दिया और इन्हें जल्द वेतन देने की मांग उठाई।

नागरिक मंच ने सफाई कर्मचारियों की इस हड़ताल पर चिंता जताई है। मंच के सदस्यों का कहना है कि ये कर्मचारी अपना स्वास्थ्य जोखिम डालकर शहर को साफ करते हैं। विडंबना की बात है कि इन्हें अपने मेहनताने के लिए हड़ताल करनी पड़ रही है। महंगाई के इस दौर में तीन महीने से वेतन न मिलने के कारण इन्हें अपना घर चलाने में तक्लीफ हो रही है। वहीं, दूसरी तरफ शहर गंदगी से सड़ रहा है। शायद ही कोई ऐसी गली, सड़क हो, जहां गंदगी के ढेर न लगे हों। जगह जगह जलता कचरा, प्रदूषण बढ़ा रहा है। शहर की स्वच्छता और सुंदरता को बिलकुल बट्टा लग चुका है।

रामकिशन ने कहा कि इन्हें जल्द से जल्द वेतन दिया जाए, वेतन रोकने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए, इन्हें सेफ्टी किट दी जाए। साथ ही ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त किया जाए। राजबीर छिल्लर, अभिषेक, सतबीर, नवीन व सुमित आदि इस अवसर पर मौजूद थे।

## विधायक और नप प्रधान के दरवाजे पर कूड़ा डालेगी जजपा

■ शहर में महामारी फैलने का डर सता रहा है : संजय दलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वेतन के लिए पिछले 8 दिनों से हड़ताल कर रहे अनुबंधित सफाई कर्मचारियों के आंदोलन को समर्थन देने के लिए जननायक जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मंगलवार को राव तुलाराम पार्क में पहुंचे। जजपा जिलाध्यक्ष संजय दलाल ने कहा कि एक सप्ताह में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे विधायक और नप चेयरपर्सन के दरवाजे पर कूड़ा डालकर विरोध व्यक्त करेंगे।

जिला परिषद सदस्य संजय दलाल, वाइस चेयरमैन मास्टर राजीव दलाल, पूर्व पार्षद राजू दलाल, प्रवीण राठी, पार्षद संदीप अहलावत, जगदेव राणा, अमर सिंह, बिल्लू भदानी, राजेश महराणा, विजेंद्र अहलावत, पंडित तेजवीर, प्रीतम दलाल आदि ने हड़ताल कर रहे सफाईकर्मियों को समर्थन देने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में ही बहादुरगढ़ की


बहादुरगढ़। हड़ताली सफाईकर्मियों को समर्थन देते संजय दलाल व अन्य जजपा नेता।

गलियां व सड़कें कूड़े के ढेर में तब्दील हो चुकी हैं। शहर में महामारी फैलने का डर सता रहा है। वेतन के अभाव में सफाई कर्मचारियों को रोटी के लाले पड़ गए हैं। जबकि विधायक व भाजपा नेता में श्रेय लेने की होड़ मची है। वे विकास का झूठा ढिंढोरा पीट रहे हैं।

संजय दलाल ने कहा कि एक सप्ताह में हालात ठीक नहीं हुए तो वे शहर की सड़कों पर पड़े कूड़े को उठाकर विधायक राजेश जून और नप चेयरपर्सन सरोज राठी के दरवाजे पर डाल देंगे।

## चार बाल श्रमिकों को करवाया मुक्त प्रतिष्ठान के मालिक पर मामला दर्ज

■ टीम ने बाईपास व शहर के क्षेत्रों में कई निजी होटलों व रेस्टोरेंट में निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विश्व बाल श्रम विरोधी दिवस पर मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झज्जर के सचिव एवं सीजेएम विशाल के आदेशानुसार गठित टीम द्वारा दीपक यादव पैनल अधिवक्ता के नेतृत्व में बाल श्रम के विरुद्ध शहर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम में दीपक यादव पैनल


झज्जर। विशाल, सीजेएम एवं डीएलएसए सचिव। फोटो : हरिभूमि

अधिवक्ता, कर्मजीत साथ रोशन लाल लेबर इंस्पेक्टर, मानव तस्करी विरोधी इकाई, राज्य अपराध शाखा से सब इंस्पेक्टर अमित ढाका, मनोज कुमार, संदीप जांगड़ा सीएसडब्ल्यू एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से टीम में शामिल रहे। टीम ने निरीक्षण के दौरान शहर में स्थित एक रेस्टोरेंट एंड स्वीट्स शॉप पर चार बच्चों को बाल श्रम करते हुए पाया गया। चारों बच्चों को टीम ने बाल श्रम से मुक्त कराया गया तथा उक्त प्रतिष्ठान मालिक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि 14 साल से कम उम्र के बच्चों से काम करवाना अपराध है।



### पदक विजेता बॉक्सर का अभिनंदन

**बहादुरगढ़।** बीते दिनों रोहतक में हुई हरियाणा स्टेट जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ी सुमित दलाल ने शानदार प्रदर्शन किया। सुमित दलाल ने 80 केजी भारवर्ग में खेलते हुए कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। उसकी जीत पर परिजनों और साथी खिलाड़ियों ने खुशी जताई। बहादुरगढ़ स्थित बजरंग एकेडमी में पहुंचने पर सुमित दलाल का जोरदार अभिनंदन हुआ। मुख्य अतिथि तेजपाल सहित अन्य खेल प्रेमियों ने उसे जीत की बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कोच राहुल ने कहा कि सुमित बेहद प्रतिभाशाली और मेहनती खिलाड़ी है।

## नेशनल के लिए चयनित खिलाड़ियों का अभिनंदन




■ देहरादून में 12 से 15 जून तक नेशनल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन होने जा रहा है

**बहादुरगढ़।** आगामी दिनों में देहरादून में होने वाली नेशनल कराटे चैंपियनशिप के लिए चयनित छह खिलाड़ियों का लाइनपार में अभिनंदन हुआ। खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों का सम्मान करते हुए उन्हें जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। कोच पंकज ने बताया कि देहरादून में 12 से 15 जून तक नेशनल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन होने जा रहा है। बीते दिनों हुई ट्रायल में जुनून कराटे डोजो एकेडमी के 12 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें से हंशिता, काव्या, मेघा, यशिमता, अनाहिता और भारती ने अपने वर्ग में जबरदस्त प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीते। छहों खिलाड़ियों ने नेशनल के लिए अपना चयन सुनिश्चित कर लिया।

### पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए जा रहे रास्तों की गुणवत्ता पर सवाल उठाए

## मंत्री को दी सड़क निर्माण में अनियमित्ता की शिकायत


बहादुरगढ़। मंत्री रणबीर गंगवा को शिकायत देते सोनू वत्स। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इलाके के कुछ गांवों में पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए जा रहे रास्तों की गुणवत्ता पर लोगों ने सवाल उठाए हैं। हाल ही में बहादुरगढ़ में आए मंत्री रणवीर गंगवा के समक्ष सिद्दीपुर के ग्रामीणों ने यह मामला रखा और उनके सामने सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार की आशंका जताते हुए जांच की मांग उठाई। सरपंच प्रतिनिधि सोनू वत्स ने बताया कि हमारे गांव में सड़क निर्माण में अनियमित्ता बरती गई है। संबंधित विभाग को गलत रोड बनाने के संबंध में शिकायत दी गई। जिसके बाद अधिकारियों ने सिद्दीपुर से मुंडेला तक बन रहे रोड के सेंपल भरवाए लेकिन काम नहीं रुकवाया गया। जब मंत्री को शिकायत दी तो अधिकारी ये कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं कि ठेकेदार किए गए काम को रिजेक्ट कर दिया गया है और इस रोड को पुनः बनाया जाएगा। ग्रामीणों ने सिद्दीपुर से सोलधा, नूना माजरा से सोलधा तक बनने वाले रोड पर भी सवालिया निशान लगाए हैं। ग्रामीणों ने इन सड़कों को बनाने में अधिकारियों व ठेकेदारों की मिलीभगत का आरोप लगाया है, क्योंकि सभी रोडों का काम एक ही ठेकेदार को दिया गया है। मामले में जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।

### ये रहे मौजूद

सरपंच प्रतिनिधि सोनू, सतबीर, प्रेम, सुमत, लीलू, कृष्ण, सतीश, राजेश कुमार, बलवान आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।

## शहीद भगत सिंह पार्क में नशा मुक्ति अभियान को लेकर जागरूकता शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के बालोर रोड स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में एसीपी ट्रैफिक दिनेश कुमार ने मुख्य वक्ता, लीगल लिटरेसी सेल के सदस्य सत्येंद्र दहिया व सड़क सुरक्षा सेल के इंचार्ज इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम संयोजक भारत नागपाल ने बताया कि सभी वक्ताओं ने पार्क में सैर के लिए आने वाले लोगों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में जागरूक किया।


बहादुरगढ़। भगत सिंह पार्क में लोगों को जागरुक करती शीला राठी। फोटो : हरिभूमि

शीला राठी ने कहा कि नशा भंयकर रूप धारण कर रहा है। उन्होंने लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। एसीपी दिनेश कुमार ने कहा कि नशा हमारे जीवन को खोखला कर बीमारियों को बढ़ा रहा है। युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए। नशे की प्रवृत्ति परिवारों के साथ समाज को बर्बाद कर रही है। सत्येंद्र दहिया व इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने सड़क सुरक्षा व यातायात के नियमों की पालना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। डायल 112 से संबंधित जानकारी दी। इस अवसर पर जगबीर सिंह, हरिओम प्रधान, एडवोकेट विपिन प्रधान, कार्तिक खंडेलवाल, सुखबीर सिंह, मनमोहन सांगवान, अजय कुमार, राजेश खन्ना, मास्टर सतबीर, ओमप्रकाश देशवाल व रणबीर ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### विधायक ने नारियल फोड़कर किया शुभारंभ

# गांव बराही में बनेगा सब पीएचसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ 62 .5 लाख रुपये होंगे निर्माण कार्य पर खर्च

■ आस पास के लोगों को होगा फायदा

गांव बराही में साढ़े 62 लाख रुपए की लागत से उप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण होगा। विधायक राजेश जून ने मंगलवार को गांव बराही में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करते हुए नारियल फोड़कर सब पीएचसी के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। बराही गांव में पहुंचने पर सरपंच मोहित छिल्लर समेत ग्रामीणों ने विधायक राजेश जून का स्वागत किया तथा सब पीएचसी बनवाने के लिए आभार जताया। विधायक ने कहा कि साढ़े 62 लाख रुपए में इस सब पीएचसी के बनने से बराही निवासियों के साथ आसपास के ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी। उनके अनुसार नायब सरकार में आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। एक तरफ सरकार आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक के निशुल्क इलाज की सुविधा प्रदान कर रही है, वहीं सरकारी अस्पतालों में आमजन के लिए टेस्ट, दवाइयां व इलाज से संबंधित ज्यादातर सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। ताकि कोई भी व्यक्ति इलाज की सुविधा से वंचित न रहे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सरपंच मोहित छिल्लर, रोमी, हरिओम, बिट्टू, जयभगवान, सरदारे, पूर्व प्रधान भूप, रमेश (पप्पू), राजेश, बिजेंद्र, नफे, प्रमोद, सतपाल, बबलू, प्रवीन, जगदेव, महाबीर मास्टर, प्रहलाद, राजबीर व जुगे नंबरदार आदि मौजूद रहे।

## अहलावत ने मुख्यमंत्री सैनी को सौंपा मांगपत्र


झज्जर। सीएम नायब सैनी को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए नीलम अहलावत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

भाजपा महिला मोर्चा हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नीलम अहलावत ने मंगलवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने बेरी विधानसभा क्षेत्र एवं बेरी नगर पालिका के अंतर्गत तीस से अधिक विकास कार्यों को लेकर एक विस्तृत मांगपत्र मुख्यमंत्री को सौंपा। मांगपत्र में अधूरी पड़ी परियोजनाओं की प्राथमिकता से पूर्ति, नई सड़कें, स्ट्रीट लाइट्स, सार्वजनिक शौचालय, जल निकासी व्यवस्था, तथा महिलाओं के लिए सुरक्षित सार्वजनिक स्थानों की व्यवस्था पर जोर दिया गया। नीलम अहलावत ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए इन कार्यों को शीघ्र स्वीकृति दी जाए। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की सफलता की ओर बढ़ते हुए 'संकल्प से सिद्धि' कार्यक्रम की सफलता पर मुख्यमंत्री को बधाई दी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मांगपत्र पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया और कहा कि शीघ्र ही इस पर कार्यवाई की जाएगी